प्रेस को सूचना नोट (प्रेस विज्ञप्ति संख्या 24/2022)

<u>तत्काल प्रकाशन के लिए</u>

<u>भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण</u>

'छोटे सेल और एरियल फाइबर परिनियोजन के लिए स्ट्रीट फर्नीचर का उपयोग' पर भादूविप्रा के परामर्श पत्र पर टिप्पणियां/प्रति-टिप्पणियां प्राप्त करने की अंतिम तिथि का विस्तार

नई दिल्ली, 20 अप्रैल, 2022: भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (भादूविप्रा) ने 23 मार्च, 2022 को 'छोटे सेल और एरियल फाइबर परिनियोजन के लिए स्ट्रीट फर्नीचर का उपयोग' शीर्षक से एक परामर्श पत्र जारी किया था। हितधारकों से परामर्श पत्र में उठाए गए मुद्दों पर टिप्पणियां प्राप्त करने की अंतिम तिथि 20 अप्रैल, 2022 और प्रति टिप्पणियां प्राप्त करने की अंतिम तिथि 04 मई, 2022 निर्धारित की गई थी।

2. इस आधार पर टिप्पणियों को प्रस्तुत करने के लिए समय बढ़ाने के लिए हितधारकों से प्राप्त अनुरोधों को ध्यान में रखते हुए कि पत्र बहुत व्यापक है और इसकी तैयारी के लिए अधिक समय की आवश्यकता होती है, लिखित टिप्पणियों और प्रति टिप्पणियों को जमा करने की अंतिम तिथि को क्रमशः 11 मई, 2022 और 25 मई, 2022 तक बढ़ाने का निर्णय लिया गया है।

3. टिप्पणियों और प्रति टिप्पणियों को अधिमानतः इलेक्ट्रॉनिक रूप में advbbpa@trai.gov.in पर और एक प्रति को jtadv-bbpa@trai.gov.in पर भेजा जा सकता है।

4. किसी भी स्पष्टीकरण/सूचना के लिए श्री संजीव कुमार शर्मा, सलाहकार (ब्रॉडबैंड और नीति विश्लेषण), भादूविप्रा से दूरभाष क्रमांक +91-11-23236119 पर संपर्क किया जा सकता है।

वी. रघुनंदन

(वी. रघुनंदन)
सचिव, भादूविप्रा